ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




**CLASS: II**
**SESSION NO :14**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NUMBER: पाठ- 12**
**TOPIC : एक सीख**
**SUB TOPIC: दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# शिक्षण उद्देश्य

लिखित प्रश्नोत्तर द्वारा लेखन कौशल  में सुधार  करना तथा विषय संबंधित ज्ञान दृढ़ करना  ।

# पाठ- 12 एक सीख

मीना बहुत ही लापरवाह लड़की थी। वह सफ़ाई का ज़रा भी ध्यान नहीं रखती थी। कहीं भी कागज़ व फल खाकर छिलके फेंक देती थी। उसकी माताजी ने उसे बहुत समझाने की कोशिश की, परंतु उसकी समझ में कुछ नहीं आता था । माताजी भी उससे बहुत परेशान थी।



एक दिन मीना अपनी सहेली गीता के घर गई। उसकी सहेली बहुत ही समझदार व सफ़ाई पसंद थी। उसने मीना को खाने के लिए फल दिए। मीना ने संतरा खा कर छिलके व बीज नीचे ज़मीन पर फेंक दिए।



तभी उधर गीता की छोटी बहन लता आई। उसने वह छिलके व बीज  उठाकर **कूड़ेदान** में डाल दिए। यह देखकर मीना बहुत **लज्जित** हुई। उसने अपनी आदतों को सुधारने का निश्चय किया। उसी दिन से वह भी सफ़ाई पसंद बन गई।





ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## कम से कम शब्दों में उत्तर बताएँ

क. मीना किसका ध्यान नहीं रखती थी ?

उः मीना सफ़ाई का ध्यान नहीं रखती थी।

ख. मीना की आदत से कौन परेशान था ?

उः मीना की आदत से उसकी माताजी परेशान थी।

ग. मीना की सहेली का क्या नाम था ?

उः मीना की सहेली का नाम गीता था।



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## सही वाक्य के सामने( √) तथा गलत वाक्य के सामने (×) का निशान लगाओ-

क. मीना लापरवाह लड़की थी । ( )√

ख. उसकी माताजी उससे परेशान थी। ( ) √

ग. मीना ने संतरे खाकर छिलके कूड़ेदान में फेंके।( ) ×



# निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क. मीना कैसी लड़की थी?

उः मीना एक लापरवाह लड़की थी ।

ख. उसकी कौन सी आदत बुरी थी?

उः मीना सफ़ाई का ज़रा भी ध्यान नही रखती थी, उसकी यही आदत बुरी थी।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ग. मीना किसके घर गई?

उः मीना अपनी सहेली गीता के घर गई।

घ. लता ने नीचे फेंके छिलकों का क्या किया?

उः लता ने नीचे फेंके छिलकों को उठाकर कूड़ेदान में डाल दिया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ङ. मीना क्या देखकर लज्जित हुई?

उः  मीना ने जब देखा उसके द्‌वारा फेंके गए छिलके व बीज उठाकर गीता की छोटी बहन लता ने कूड़ेदान में डाल दिया, यह देखकर मीना बहुत लज्जित हुई।

# शिक्षण प्रतिफल

लिखित प्रश्नोत्तर द्वारा लेखन कौशल  में सुधार  आएगा तथा विषय संबंधित ज्ञान दृढ़ होगा  ।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP